TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


# 2024

जयंती विशेष

11 सितंबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

नम्रता की ऊंचाई का कोई नाप नहीं होता।

**विनोबा भावे**

**( स्वतंत्रता सेनानी )**

**जन्म: 11 सितंबर 1895 मृत्यु: 15 नवंबर 1982**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 11 सितम्बर

1. **विनोबा भावे का जन्म–** महान स्वतंत्रता सेनानी और भूदान आंदोलन के जनक विनायक नारहरी भावे यानी विनोबा भावे का जन्म 11 सितम्बर, 1895 ई. को गागोदे, जिला रायगढ, महाराष्ट्र में हुआ था। क्या आपको पता है कि 'विनोबा' नाम गाँधी जी ने दिया था। जब वे आंध्र के गाँव में घुम रहे थे तब भूमिहीन अस्पृश्य लोगों या हरिजनों के एक समूह के लिए जमीन मुहैया कराने के लिए अपील के जवाब में एक जमींदार ने उन्हें एक एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव किया। इसके बाद वह घुम–घुमकर भूमिहीन लोगों के लिए 'भूदान' करने का आंदोलन चलाया।

2. **शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द का भाषण–** प्रथम विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में 11 सितम्बर, 1896 ई. को स्वामी विवेकानन्द ने जो भाषण दिया उसने पश्चिमी देशों के मन में भारत के प्रति छवि को बदल दिया। स्वामी विवेकानन्द ने अपने भाषण में सहनशीलता और सार्वभौमिकता का मसला उठाया था।

3. **महादेवी वर्मा का निधन–** हिन्दी की कवियित्री और हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक थी। हिन्दी की सशक्त कवयित्रियों में से एक होने के कारण उन्हें 'आधुनिक मीरा' के नाम से जाना जाता है। उनका निधन 11 सितम्बर, 1987 ई. को प्रयागराज, उत्तरप्रदेश में हुआ था। उनकी आठ कविता संग्रह– नीहार, रश्मि, नीरजा, सांध्यगीत, दीपशिखा, सप्तपर्णा, प्रथम आयाम और अग्निरेखा हैं। अतीत के चलचित्र और स्मृति की रेखाएं उनकी रेखाचित्र हैं।
   - **संदर्भः** वर्ग सात की हिन्दी की पाठ्यपुस्तक **'किसलय भाग–2' के अध्याय 17 'सोना' (रेखाचित्र)** से जोड़कर बच्चों को बता सकते हैं।

4. **महात्मा गाँधी का दक्षिण अफ्रीका में 'सत्याग्रह'–** दक्षिण अफ्रीका में अश्वेत लोगों के साथ गोरे प्रायः भेदभाव किया करते थे। वर्ष 1906 में सरकार ने एक नया कानून बना कर भारतीय मूल के लोगों को पंजीकृत कराना अनिवार्य कर दिया। इस कानून की अवज्ञा करने के लिए महात्मा गाँधी ने 11 सितम्बर, 1906 ई. को लोगों से सत्याग्रह की अपील की। यह गाँधी जी का पहला सत्याग्रह था।

5. **वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला–** वर्ष 2001 में 11 सितम्बर को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला किया गया था। अमेरिका में हुए इन हमलों के लिए अल कायदा के 19 आतंकियों ने चार विमान हाईजैक किये थे। दो विमानों को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के टावर्स में टकरा दिया जबकि तीसरे विमान से पेंटागन पर हमला किया गया था। चौथा विमान पेसिलवेनिया में क्रैश हो गया था। इस हमले को 9/11 हमले के नाम से भी जाना जाता है। इस हमले की जिम्मेवारी अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन ने लिया था।


Wednesday

/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया


# विनोबा भावे का जन्म 11 सितंबर



विनोबा भावे एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और भूदान आंदोलन के प्रणेता थे, जिनका मूल नाम विनायक नारहरी भावे था। आचार्य विनोबा भावे का जन्म 11 सितम्बर 1895 को रायगढ़, ब्रिटिश भारत में हुआ । इन्हे भारत का राष्ट्रीय अध्यापक और महात्मा गांधी का आध्यात्मि उत्तराधिकारी का दर्जा प्राप्त हुआ। विनोबा भावे की माँ धार्मिक महिला थीं और उनपर अपनी माँ का गहरा प्रभाव था। विनोबा भावे काफी तेज छात्र थे और उनका पसंदीदा विषय गणित था। लेकिन जब वह गुजरात के बड़ौदा में ग्रेजुएशन कर रहे थे, तो उनकी रुचि अध्यात्म की ओर बढ़ने लगी। बिनोबा भावे 1916 में महात्मा गांधी के कोचरब आश्रम गए, जो अहमदाबाद में है। इसके बाद उन्होंने स्कूल-कॉलेज छोड़ दिया, लेकिन पढ़ाई जारी रखी और गीता, रामायण, कुरान, बाइबिल जैसे कई धार्मिक ग्रंथों के साथ ही राजनीति, अर्थशास्त्र जैसे कई आधुनिक सिद्धांतों का अध्ययन किया। तब उनकी उम्र सिर्फ 21 साल थी। इन्होंने भूदान आन्दोलन सन्त विनोबा भावे द्वारा सन् 1951 में आरम्भ किया गया था। यह स्वैच्छिक भूमि सुधार आन्दोलन था। विनोबा भावे वर्ष 1958 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय व्यक्ति थे। उन्हें 1983 में मरणोपरांत भारत रत्न (भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से भी सम्मानित किया गया था। उनकी मृत्यु 15 नवम्बर 1982 को पनवार, वर्धा में हुई।

## जयंती विशेष 11 सितंबर

राकेश कुमार




**विनोबा भावे** *Vinoba Bhave*, जन्म: 11 सितंबर, 1895; मृत्यु: 15 नवम्बर 1982) महात्मा गांधी के आदरणीय अनुयायी, भारत के एक सर्वाधिक जाने-माने समाज सुधारक एवं 'भूदान यज्ञ' नामक आन्दोलन के संस्थापक थे। इनकी समस्त ज़िंदगी साधु संयासियों जैसी रही, इसी कारणवश ये एक संत के तौर पर प्रख्यात हुए। विनोबा भावे अत्यंत विद्वान एवं विचारशील व्यक्तित्व वाले शख्स थे।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 11.09.2024

## शिक्षा में अवलोकन

शिक्षण और सीखने को अधिक मूल्यवान और दृश्यमान बनाने के लिए, कक्षा अवलोकन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह शिक्षकों को उनके कक्षा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए रचनात्मक और ईमानदार प्रतिक्रिया प्रदान करता है और शिक्षार्थियों और शिक्षकों के बीच बातचीत को बेहतर बनाने में मदद करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**सिक्किम एकमात्र भारत का ऐसा राज्य है, जहां आज तक कोई रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है।**

स्रोत: दैनिक भास्कर

# TOB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## पेरिस पैरालिम्पिक्स 2024

| सिल्वर | गेम | प्लेयर |
|---|---|---|
| 9 | शूटिंग | मनीष नरवाल |
| | एथलेटिक्स | निषाद कुमार |
| | एथलेटिक्स | योगेश कथूनिया |
| | बैडमिंटन | थुलासिमथी मुरुगेसन |
| | बैडमिंटन | सुहास यथिराज |
| | एथलेटिक्स | अजीत सिंह यादव |
| | एथलेटिक्स | शरद कुमार |
| | एथलेटिक्स | सचिन कुलकर्णी |

# Teachers of Bihar
## The Change Makers

11 सितंबर



हिंदी साहित्य के छायावादी युग की अग्रणी लेखिका

'आधुनिक मीरा' के नाम से प्रसिद्ध

# महादेवी वर्मा जी

की पुण्यतिथि पर उन्हें शत्-शत् नमन

26 मार्च 1907 - 11 सितंबर 1987

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari




TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

11 नवंबर

महान स्वतंत्रता सेनानी
'भारत रत्न'

# विनोबा भावे

की जयंती पर उन्हें सादर नमन

11 सितंबर 1895 - 15 नवंबर 1982

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari


11 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राष्ट्रीय
वन शहीद दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

भूदान आंदोलन के प्रणेता
एवं महान स्वतंत्रता सेनानी,
भारत रत्न

# आचार्य विनोबा भावे

की जयंती पर सादर
नमन।






**11 सितंबर 1895 - 15 नवंबर 1982**

Madhu priya


11 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
साहित्य जगत में "आधुनिक मीरा" के नाम से मशहूर सुप्रसिद्ध लेखिका एवं कवियित्री
महादेवी वर्मा
की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।
26 मार्च 1907 - 11 सितम्बर 1987
पद्म
विभूषण
Madhu priya
www.teachersofbihar.org